**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद, द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-02 का उत्तर**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **2 (क)** क्या वित्त मंत्री बतायेंगे कि कार्मिक लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय के पेंशन विभाग के कार्यालय ज्ञाप 57/05/2021 P&PW(B), दिनांक 03 मार्च 2023 के अनुसरण में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) राजाज्ञा, दिनांक-28 मार्च 2005 से पूर्व उपलब्ध रिक्तियों हेतु जारी भर्ती विज्ञापन के सापेक्ष चयनित शिक्षकों/कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन चुनने का अवसर दिए जाने हेतु शासनादेश जारी करायेंगे? | भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 03.03.2023 की व्यवस्था केन्द्र सरकार के कार्मिकों पर लागू की गयी है।<br>भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 03.03.2023 के समान व्यवस्था प्रदेश सरकार के कार्मिकों पर लागू किये जाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है। |
| (ख) यदि हाँ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उत्तर प्रदेश में दिनांक 01 अप्रैल,2005 से नयी पेंशन योजना (एन.पी.एस.) लागू है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली सरकार के राजकोषीय स्थिति में संतुलन बनाये रखने तथा न केवल सरकारी कर्मचारियों अपितु संगठित/ असंगठित क्षेत्र के कार्मिकों, तथा सामान्य जन के लिए बेहतर राष्ट्रव्यापी वृद्धावस्था सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य के साथ लायी गयी है। |

**सुरेश कुमार खन्ना**
वित्त मंत्री।